मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः 11.01.2025

थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत हुई युवक की हत्या से सम्बन्धित अभियुक्त गिरफ्तार , मोटर साइकिल, मृतक का मोबाइल व कपड़ा बरामद —

थाना चुनार, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 10.01.2025 को वादी बाबूलाल मौर्या पुत्र स्व0 लालजी मौर्या निवासी कोन भरूहवां थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध वादी के पुत्र विकास मौर्या की षड़यंत्र के तहत हत्या कर शव को छुपाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरी के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0- 10/2025 धारा 103(1),238(ए) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी।

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" द्वारा उक्त हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र अभियुक्त की गिरफ्तारी करने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार , सर्विलांस व एसओजी को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पर पंजीकृत उक्त अभियोग की विवेचना के क्रम में सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए दिनांकः 10.01.2025 को थाना चुनार पुलिस, सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत दुर्गाजी मोड़ से घटना से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदीप चौहान पुत्र आशा चौहान निवासी सुल्तानपुर थाना रामनगर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर मोटस साइकिल UP 63 BC 1377 तथा मृतक का कपड़ा व मोबाइल बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है।

पूछताछ विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मृतक का मेरी पत्नी से अवैध सम्बन्ध होने के शक के आधार पर मेरे द्वारा योजना बनाकर मृतक विकास मौर्या की हत्या कर शव , कपड़ा व मोबाइल को छिपा दिया गया था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1. प्रदीप चौहान पुत्र आशा चौहान निवासी सुल्तानपुर, थाना रामनगर, जनपद वाराणसी, उम्र करीब-32 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0- 10/2025 धारा 103(1),238(ए) बीएनएस थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी —

- ☐ मोटस साइकिल संख्या – UP 63 BC 1377
- ☐ मृतक का कपड़ा व मोबाइल फोन।
- ☐ आला कत्ल पत्थर का टुकड़ा बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

दुर्गा जी मोड़ (चुनार) के पास से, दिनांकः 10.01.2025 को समय 16.10 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार रविन्द्र भूषण मौर्य मय पुलिस टीम।

निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।

उप-निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम।

पुलिस
MANJARI RAO